संख्या-16/ 2022/सैंतालीस-का-1-2022-13(5)/2022

प्रेषक,

डॉ देवेश चतुर्वेदी ,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

कार्मिक अनुभाग-1 **लखनऊ: दिनांक 28 अक्टूबर , 2022**

विषय:- पदोन्नति द्वारा भरे जाने वाले पदों के सापेक्ष पदोन्नति हेतु चयन की कार्यवाही समयबद्ध रूप से पूर्ण कराया जाना ।

महोदय,

कृपया पदोन्नति द्वारा भरे जाने वाले पदों के सापेक्ष चयन की कार्यवाही समय से संपन्न कराये जाने विषयक पत्र संख्या-1328/सैंतालीस-का-1-2022-13(5)/2022, दिनांक-10.10.2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से पदोन्नति कोटे के पदों /रिक्तियों के सापेक्ष पदोन्नति हेतु चयन की कार्यवाही शासन स्तर पर दिनांक 15.10.2022 एवं विभागाध्यक्ष स्तर पर दिनांक 31.10.2022 तक पूर्ण कराये जाने की अपेक्षा की गयी है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चयन वर्ष 2022-23 तक पदोन्नति कोटे की ऐसी रिक्तियां, जिन पर पदोन्नति की कार्यवाही लोक सेवा आयोग के माध्यम से सम्पन्न करायी जानी है और एतदविषयक अधियाचन/प्रस्ताव लोक सेवा आयोग को अभी तक प्रेषित नहीं किये गये हैं, उन पदों पर चयन कराये जाने हेतु अधियाचन/प्रस्ताव लोक सेवा आयोग, प्रयागराज को दिनांक 31.10.2022 तक अवश्य प्रेषित करने का कष्ट करें।

भवदीय,
डॉ देवेश चतुर्वेदी
अपर मुख्य सचिव,

प्रतिलिपि, सचिव, लोक सेवा आयोग ,प्रयागराज को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि पदोन्नति के माध्यम से भरे जाने वाले पदों को समयबद्ध रूप से भरा जाना सरकार की प्राथमिकता का बिन्दु है, अत: उपरोक्तानुसार सभी विभागों से प्राप्त अधियाचनों/प्रस्तावों के आधार पर यथाशीघ्र पदोन्नति की कार्यवाही सम्पन्न कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से,
राजेश प्रताप सिंह
विशेष सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in